सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांकः 291 / सो.आ.नि.–227 / 2016
दिनाँकः 20 जुलाई, 2016

प्रेषक,

निदेशक
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिला विकास अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः **सोशल आडिट टीम के सदस्यों को समय से मानदेय का भुगतान किए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कतिपय जनपदों से सोशल आडिट टीमों के सदस्यों द्वारा इस आशय की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि सोशल आडिट टीम के सदस्यों को वर्ष 2013–14, 2014–15 तथा 2015–16 में उनके द्वारा किए गए सोशल आडिट के लिए मानदेय का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है।

2– आप अवगत हैं कि निदेशालय स्तर पर सम्पन्न समीक्षा बैठकों में इस बात पर बल दिया गया है कि सोशल आडिट टीम के सदस्यों को नियमानुसार अनुमन्य मानदेय का भुगतान तत्परता से किया जाये। इस हेतु आपसे मांग–पत्र प्राप्त होने पर निदेशालय द्वारा पर्याप्त धनराशियां भी उपलब्ध कराई जा चुकी हैं फिर भी मानदेय का भुगतान न होना चिन्ता का विषय है।

3– आपसे अनुरोध है कि कृपया सोशल आडिट के लिए टीम के सदस्यों को मानदेय के भुगतान की स्थिति की समीक्षा कर लें और सुनिश्चित करें कि जिन मामलों में भुगतान अनावश्यक रूप से रूका हो, ऐसे मामलों में 27–7–2016 तक भुगतान की कार्यवाही अवश्य पूर्ण कर ली जाए।

4– कृपया तद्नुसार कृत कार्यवाही से निम्नांकित प्रारूप पर दिनांक 27–7–2016 तक अवगत कराने का कष्ट करें :–

प्रारूप

वित्तीय वर्ष	कुल सम्पन्न सो0आ0 की सं0	सो0आ0 करने वाली टीम के सदस्यों की सं0	टीम के सदस्यों के व्यावसायिक शुल्क के भुगतान हेतु निदेशालय द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि (रू0)	उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष भुगतान की धनराशि (रू0)	अवशेष धनराशि (रू0)	टीम के जिन सदस्यों को भुगतान नहीं हो पाया है, उनकी संख्या तथा कारण
1	2	3	4	5	6	7

भवदीय,

(राजवर्धन)
निदेशक।

प्रतिलिपि – समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(राजवर्धन)
निदेशक।